दिन– शुक्रवार दिनांक– 03/07/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पंद्रह अगस्त से अनुमंडलीय और जिला अस्पताल से उच्च स्वास्थ्य संस्थानों में अनावश्यक रेफरल पर रोक लगाने के निर्देश दिये।

02. पंचायती राज मंत्रालय आज नई दिल्ली में राज्यों के पंचायती राज मंत्रियों की राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन करेगा।

03. जम्मू कश्मीर में पहलगाम और बालतल दोनों रास्तों से वार्षिक श्री अमरनाथ यात्रा शुरू।

04. और, मौसम विभाग ने आज पटना सहित प्रदेश के कई स्थानों पर बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया।

**समाचार विस्तार से.........**

---

राज्य सरकार ने पंद्रह अगस्त से अनुमंडलीय और जिला अस्पताल से मेडिकल कॉलेज और उच्च स्वास्थ्य संस्थान में अनावश्यक रेफरल पर रोक लगाने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पटना में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को अनावश्यक रेफरल की प्रवृत्ति पर रोक लगाने और इसके लिये प्रभावी व्यवस्था विकसित करने के निर्देश दिये हैं। श्री चौधरी ने अस्पतालों में नर्सों की पदस्थापना पर विशेष ध्यान देने और उन्हें यथासंभव उनके गृह जिलों में पदस्थापित करने पर विचार करने के भी निर्देश दिये।

---

ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि प्रदेश में विकसित भारत जी राम. जी. योजना के अंतर्गत ग्रामीण मजदूरों को अब एक सौ पच्चीस दिन रोजगार की गारंटी दी जा रही है। पटना के अधिवेशन भवन में योजना की औपचारिक शुरूआत करते हुए उन्होंने कहा कि अगर किसी मजदूर को आवेदन के पंद्रह दिनों के अंदर रोजगार नहीं दिया गया, तो सरकार उसे अपने कोष से बरोजगारी भत्ता देगी। उन्होंने कहा कि अकुशल मजदूरों की दैनिक मजूदरी को दो सौ पचपन रुपये से बढ़ाकर तीन सौ रुपये रोजाना कर दिया गया है। श्री कुमार ने कहा कि अकुशल मजदूरों का मस्टर

रोल बंद होने के पंद्रह दिनों के अंदर मजदूरी का भुगतान नहीं किया जाता है, तो बकाया राशि पर शून्य दशमलव शून्य पांच प्रतिशत प्रतिदिन के हिसाब से हरजाना दिया जाएगा।

————————————————————————————

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा है कि मनरेगा की अव्यवस्थाओं और खामियों को दूर करने के मकसद से विकसित भारत जी राम जी योजना को लाया गया है। इससे ग्रामीण इलाके में लोगों को फायदा मिलेगा।

——साउंड बाइट——

इस बीच, केंद्रीय मंत्री श्री पासवान ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से नई दिल्ली में मुलाकात कर राजगीर में दो युवकों की हत्या और आरा में भरत तिवारी मुठभेड़ मामले की जानकारी दी। श्री पासवान ने इन मामलों में निष्पक्ष जांच कर पीड़ित परिजनों को न्याय दिलाने का आग्रह किया है।

————————————————————————————

पंचायती राज मंत्रालय आज नई दिल्ली में राज्यों के पंचायती राज मंत्रियों की राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन करेगा, जिसमें सोलहवें वित्त आयोग की सिफारिशों पर चर्चा की जाएगी। कार्यशाला की अध्यक्षता केंद्रीय पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह करेंगे। कार्यशाला के दौरान, वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग द्वारा जारी सोलहवें वित्त आयोग के ग्रामीण स्थानीय निकाय अनुदानों को लागू करने के दिशा–निर्देशों पर चर्चा होगी। कार्यशाला में पंचायती राज संस्थाओं की वित्तीय स्थिरता को सुदृढ़ करने पर विशेष जोर दिया जाएगा, जिसके लिए स्वयं सृजित राजस्व जुटाने को बढ़ावा दिया जाएगा। यह कार्यशाला राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सर्वोत्तम पद्धतियों को साझा करने, कार्यान्वयन चुनौतियों पर चर्चा करने और वित्त आयोग के अनुदानों के प्रभावी उपयोग के लिए व्यावहारिक रणनीतियों का आदान–प्रदान करने का मंच भी प्रदान करेगी।

————————————————————————————

शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने केंद्र सरकार से स्कूली शिक्षा में सुधार के लिए एक हजार एक सौ बीस करोड़ रुपये की मांग की है। श्री तिवारी ने इस संबंध में नई दिल्ली में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान से मुलाकात की। केंद्रीय मंत्री ने इस प्रस्ताव

पर शीघ्र कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा कि राज्य के लिए विशेष बजट के आवंटन से विद्यालय शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाने में मदद मिलेगी।

———————————————————————————

जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने कहा है कि गंगा नदी का कायाकल्प एक साझा राष्ट्रीय ज़िम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्रालयों, राज्य सरकारों, शहरी स्थानीय निकायों, वैज्ञानिक संस्थानों और स्थानीय समुदायों के बीच लगातार सहयोग से यह महत्ती कार्य किया जा सकता है। गंगा नदी के लिए बनाई गई एम्पावर्ड टास्क फोर्स की 19वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्री पाटिल ने यह बात कही। बैठक में नमामि गंगे कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि अब तक तैंतालीस हजार करोड़ रुपये से ज़्यादा की अनुमानित लागत वाली पांच सौ चौबीस परियोजनाओं को मंज़ूरी दी गई है, जिनमें से तीन सौ तिरेसठ परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं। जल शक्ति मंत्रालय ने कहा कि इस कार्यक्रम के तहत इक्कीस हजार पांच सौ करोड़ रुपये से ज़्यादा खर्च किए गए हैं।

———————————————————————————

राज्य निर्वाचन प्राधिकरण ने सैंतीस पैक्स चुनाव के लिए प्रारंभिक मतदाता सूची के प्रकाशन का कार्यक्रम जारी कर दिया है। इसके अनुसार छह जुलाई को प्राथमिक कृषि साख समिति स्तर पर प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। आठ जुलाई को जिला सहकारिता पदाधिकारी की ओर से सूची निर्वाचन पदाधिकारियों को उपलब्ध कराई जाएगी। दावा आपत्ति और अंतिम प्रकाशन की प्रक्रिया तेईस जुलाई तक पूरी होगी।

———————————————————————————

इधर, पटना जिले के बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र में तीस जुलाई को होने वाले उपचुनाव के लिए जिला प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। उपचुनाव में तीन लाख उनासी हजार मतदाता भाग लेंगे। जिलाधिकारी सह–जिला निर्वाचन पदाधिकारी कुंदन कुमार ने बताया कि उपचुनाव के लिए पटना सदर के भूमि सुधार उपसमाहर्ता राघवेन्द्र प्रताप सिंह को निर्वाची पदाधिकारी बनाया गया है। उपचुनाव के लिए छह से तेरह जुलाई तक नामांकन लिए जायेंगे। मतो की गिनती तीन अगस्त को होगी।

———————————————————————————

राज्यपाल, सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन और विदेश मामलों के राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा कल ईरान के पूर्व सर्वोच्च नेता ग्रैंड आयतुल्लाह सैयद अली खामेनेई के अंतिम संस्कार में शामिल होंगे। अंतिम संस्कार का कार्यक्रम कल से नौ जुलाई तक ईरान और इराक में होगा। विदेश मंत्रालय ने बताया कि समारोह में उच्च स्तरीय उपस्थिति दोनों देशों के बीच सभ्यतागत संबंधों के महत्व को रेखांकित करती है।

—————————————————————————

श्री अमरनाथ जी यात्रा आज सुबह जम्मू कश्मीर के पहलगाम और बालतल मार्गों से शुरू हो गई है। पूरे देश से लाखों श्रद्धालु सत्तावन दिनों की तीर्थयात्रा के दौरान पवित्र अमरनाथ गुफा मंदिर का दर्शन करेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया कि यह यात्रा अट्ठाईस अगस्त को रक्षा बंधन के दिन समाप्त होगी।

——रिपोर्ट——

—————————————————————————

मौसम विभाग ने आज पटना सहित प्रदेश के कई स्थानों पर बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है। इस दौरान उत्तर–पूर्व, दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–पूर्व हिस्सों में कुछ स्थानों पर धूलभरी आंधी के साथ वज्रपात की आशंका है।

——साउंड बाइट——

इधर, मॉनसून की सक्रियता से पिछले चौबीस घंटों के दौरान पटना, बक्सर, सारण, वैशाली, बेगूसराय और खगड़िया समेत कई जिलों में अच्छी बारिश हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान कैमूर के अधवारा में सबसे अधिक छियासी दशमलव चार मिलीमीटर बारिश हुई है। बारिश होने से अधिकतम तापमान में चार से पांच डिग्री सेल्सियस तक की कमी आयी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान छत्तीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ सीवान का जीरादेई सबसे गर्म स्थान रहा। राजधानी पटना का अधिकतम तापमान पैंतीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

—————————————————————————

रेलवे बोर्ड ने जूनियर इंजीनियर, डीपो मेटेरियल सुप्रीटेंडेंट और केमिकल एंड मेटलर्जिकल असिसटेंट के पदों पर भर्ती के लिए मंजूरी दी है। बोर्ड के अनुसार चार

हजार अंठावने पदों पर नियुक्ति की जाएगी। इधर, बोर्ड ने असिसटेंट लोको पायलट पद की कम्प्यूटर आधारित परीक्षा की तिथि की घोषणा कर दी है। यह परीक्षा अट्ठाईस जुलाई को होगी।

———————————————————————————

निगरानी जांच ब्यूरो ने शिक्षा विभाग के वेतन सत्यापन कोषांग में तैनात अवर सचिव अमोद मिश्रा को बीस हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

इधर, पटना पुलिस ने प्रधानमंत्री मुद्रा लोन और जीएसटी के फर्जी सर्टिफिकेट बनाने के मामले में तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चौदह मोबाईल फोन, एक लैपटॉप, कई पासबुक, छह लाख से अधिक नकद और सात सिमकार्ड बरामद किये गये हैं।

———————————————————————————

शिवहर जिला प्रशासन ने शिवहर थानाध्यक्ष सहित जिले के चार थानों में नये थानाध्यक्ष पदस्थापित किये हैं। पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह ने नव पदस्थापित पुलिस कर्मियों को चौबीस घंटे के अंदर योगदान देने का आदेश दिया है।

———————————————————————————

शेखपुरा जिले से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग–तीन सौ तैंतीस–ए बरबीघा क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने का काम आज से शुरू हो गया है। अनुमंडल पदाधिकारी प्रियंका कुमारी के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे अतिक्रम से यातायात संचालन, सड़क सुरक्षा और आमजन की परेशानियों को दूर करने के मकसद से यह कार्रवाई की जा रही है।

———————————————————————————

अररिया जिले के जोकीहाट थाना क्षेत्र में पुलिस ने छापेमारी कर विदेशी शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से एक सौ पांच ग्राम मादक पदार्थ भी बरामद किया है।

———————————————————————————

केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्रालय ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए नामांकन आमंत्रित किए हैं। नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि इकतीस जुलाई

है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार पांच से अठारह वर्ष के बच्चों की असाधारण उपलब्धियों के लिए प्रदान किए जाते हैं।

————————————————————————————अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी अखबारों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है – मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा – ट्रांसपेरेंसी, टेक्नोलॉजी और ट्रस्ट से भ्रष्टाचार मुक्त बनेगा बिहार। भ्रष्टाचार में लिप्त मंत्री, विधायक और अफसर नपेंगे।

दैनिक जागरण ने राज्य में टोल टैक्स से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुए लिखा है – सड़कों की चौड़ाई के अनुसार लगेगा टोल टैक्स, अब तक पचास सड़कें चिन्हित।

दैनिक भास्कर ने बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र उपचुनाव से जुड़ी खबर को अपनी लीड बनाते हुए लिखा है – बांकीपुर से जनसुराज के पीके खुद लडेंगे चुनाव : भाजपा से नीलू रेस में सबसे आगे।

प्रभात खबर लिखता है – नीट, जेईई में बोर्ड परीक्षा के अंकों पर मिल सकता है पचास प्रतिशत तक वेटेज।

आज अखबार का शीर्षक है – पटना मेट्रो का मलाही पकड़ी तक परिचालन शुरू।

राष्ट्रीय सागर के शब्द हैं – चौदह अगस्त तक एक करोड़ लोगों की होगी टीबी स्क्रीनिंग।

————————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पंद्रह अगस्त से अनुमंडलीय और जिला अस्पताल से उच्च स्वास्थ्य संस्थानों में अनावश्यक रेफरल पर रोक लगाने के निर्देश दिये।

02. पंचायती राज मंत्रालय आज नई दिल्ली में राज्यों के पंचायती राज मंत्रियों की राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन करेगा।

03. जम्मू कश्मीर में पहलगाम और बालतल दोनों रास्तों से वार्षिक श्री अमरनाथ यात्रा शुरू।

04. और, मौसम विभाग ने आज पटना सहित प्रदेश के कई स्थानों पर बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।